हिन्दी प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी चंडीगढ़
28 जनवरी 2025, समय 1810

- हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह ने दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल के यमुना नदी में जहर मिलाए जाने बारे बयान की आलोचना की। केजरीवाल पर झूठ बोलने का आरोप लगाया।
- हरियाणा के भारतीय जनता पार्टी के सांसदों ने अरविन्द केजरीवाल नाराजगी जताई और उन पर षड़यंत्र रचने व अफवाह फैलाने का मुकदमा दर्ज करने की मांग की।
- हरियाणा के परिवहन मंत्री अनिल विज ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे द्वारा प्रयागराज में डुबकी लगाने संबंधी बयान को धार्मिक आस्था का अपमान बताया।
- पिहोवा सरस्वती तीर्थ पर कल अंतराष्ट्रीय सरस्वती महोत्सव का आगाज होगा।

****

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह ने दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल के यमुना नदी में जहर मिलाए जाने की कड़ी आलोचना की है उन्होंने कहा है कि अरविन्द केजरीवाल का बयान लोगों को गुमराह करने वाला और तथ्य विहीन है। श्री नायब सिंह ने कहा कि अरविन्द केजरीवाल का यह कहना कि दिल्ली जल बोर्ड ने यमुना के पानी में जहर पाए जाने के बाद इसे रोका कई सवाल खड़े करता है।

मुख्यमंत्री नायब सिंह ने केजरीवाल को हरियाणा और दिल्ली के लोगों से माफ़ी मांगने को कहा।

मुख्यमंत्री ने कहा है कि अरविन्द केजरीवाल ने दिल्ली के लोगों से यमुना के पानी को स्वच्छ बनाने का वादा किया था। अब अपना वादा पूरा करने में विफल रहने पर वे वोट के लिए बेतुके बयान दे रहे हैं।

****

हरियाणा के बीजेपी सांसदों ने आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविन्द केजरीवाल द्वारा दिल्ली को युमना का पानी जहर मिलाके देने के आरोप पर नाराजगी जताई हैं। उन्होंने केजरीवाल पर शड्यन्त्र रचे और अफवाह फैलाने का मुकदमा दर्ज करने की मांग की है। आज नई दिल्ली में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यालय में एक पत्रकार वार्ता के दौरान सांसद धर्मबीर सिंह ने कहा कि अरविन्द केजरीवाल के बयान से हरियाणा के लोग आहत हैं। उन्होंने कहा कि हरियाणा से दिल्ली को शुद्ध पानी मिलता है। हरियाणा अपने हिस्से का 300 क्यूसिक पानी दिल्ली को देता है। उन्होंने कहा कि वहीँ दिल्ली से हरियाणा को 700 क्यूसिक दूषित पानी मिलता है।

उन्होंने कहा कि दिल्ली में वजीराबाद के बाद यमुना का पानी प्रदूषित है। वहीँ सांसद रेखा शर्मा ने कहा कि केजरीवाल ने हरियाणा का अपमान किया है और चुनाव के कारण बेवजह झूठ बोलकर लोगों को गुमराह किया है। वहीँ सांसद रामचंद्र जांगड़ा ने श्री केजरीवाल से जहरीले पानी का नमूना देने की मांग की है और कहा कि यदि हरियाणा की सीमा में पानी साफ है तो केजरीवाल पर अफवाह फैलाने का मुकदमा दर्ज किया जाए। भारतीय जनता पार्टी के प्रवक्ता राजीव जेरली ने भी के इस बयान की सख्त आलोचना की है।

****

यमुना के पानी में जहर मिलाने के दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल के विवादास्पद बयान के बाद हरियाणा में कई जगह उनके खिलाफ विरोध प्रदर्शन किए गए। जींद में बीजेपी के जिलाध्यक्ष तजिन्दर ढुल,पलवल में जिलाध्यक्ष चौधरी चरण सिंह तेवतिया तथा खेलमंत्री गौरव गौतम व कैथल में बीजेपी जिलाध्यक्ष मनीष कटवाड़ की अगुवाई में रोष प्रदर्शन किया गया।

****

हरियाणा के परिवहन मंत्री अनिल विज ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे द्वारा प्रयागराज के संगम में डुबकी लगाने संबंधी बयान को धार्मिक आस्था से खिलवाड़ बताया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय मंत्री अमित शाह पर निशाना साधते हुए श्री खड़गे द्वारा दिए गए बयान को उन्होंने लोगों में रवाई पैदा करने और महाकुम्भ का अपमान बताया। श्री खड़गे ने मध्य प्रदेश की एक रैल्ली में कहा था कि नेताओं के कुम्भ में डुबकी लगाने से गरीबी दूर नहीं होगी।

****

पिहोवा सरस्वती तीर्थ पर अंतर्राष्ट्रीय सरस्वती महोत्सव का आयोजन कल से होगा। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी समारोह का शुभारंभ करेंगे। इस 7 दिवसीय महोत्सव के दौरान 2 फरवरी तक मुख्य सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे तथा तीर्थ स्थल पर 4 फरवरी तक सरस मेले का आयोजन भी किया जाएगा।

बोर्ड के उपाध्यक्ष धुमन सिंह ने कहा कि हरियाणा सरस्वती धरोहर विकास बोर्ड की तरफ से इस वर्ष महोत्सव पर आदि बद्री से लेकर रन आफ कच्छ तक सरस्वती नदी के मार्ग पर आने वाले सभी ऐतिहासिक तीर्थों पर कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय सरस्वती महोत्सव का आगाज आदि बद्री उद्गम स्थल से होगा।

उन्होंने बताया कि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के सीनेट हाल में 30 जनवरी से 1 फरवरी तक सरस्वती नदी पर एक सेमिनार का आयोजन किया जाएगा। सेमिनार में देश भर के शोधकर्ता और वैज्ञानिक, सरस्वती पर शोध करने वाले विश्व प्रसिद्ध वैज्ञानिक भाग लेंगे।

****

आज हरियाणा में स्वतंत्रता सेनानी लाला लाजपत राय की जयंती पर कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। भिवानी के बाल आश्रम में आयोजित कार्यक्रम में विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने विद्यार्थीयों को लाला लाजपत राय के जीवन और आदर्शों से रू ब रू करवाया। इस अवसर पर युवा कल्याण संगठन के सरंक्षक कमल सिंह प्रधान ने कहा कि लाला जी न केवल देश को आजाद करवाना चाहते थे बल्कि लोगों को शिक्षित करने के लिए भी प्रयासरत रहे। उन्होंने भिवानी के बाल आश्रम सहित विभिन्न शिक्षण संस्थानों को स्थापना की। इस मौक्के पर देश की एकता और अखंडता को कायम रखने और पर्यावरण को स्वच्छ रखने का संकलप भी लिया गया।

****

देश के स्वतंत्रता संग्राम में अपने प्राणों की आहुति देने वाले शहीदों की स्मृति में परसों 30 जनवरी को सुबह 11 बजे हरियाणा सरकार के सभी कार्यालयों में दो मिनट का मौन रखा जाएगा।मुख्य सचिव कार्यालय द्वारा जारी एक पत्र में राज्य के सभी विभागाध्यक्षों, अंबाला, हिसार, रोहतक, फरीदाबाद, करनाल और गुड़गांव के मंडल आयुक्तों, सभी उपायुक्तों और नागरिक उपमंडल अधिकारी को इस संबंध में आवश्यक प्रबंध करने के निर्देश दिए गए हैं।